Reg. No. | | | | | | | | |

BSCHDL 254/FNDHDL 254/BFTHDL 254

Credit Based Fourth Semester B.Sc./B.Sc. (FND)/B.Sc. (FT) Degree Examination, September 2022
(2019 – 20 and Earlier Batches)
HINDI LANGUAGE
Group I – Paper IV

Time : 3 Hours | Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए। **(5×1=5)**

1) कालिदास के अनुसार हिरणशावक किसकी संपत्ति है ?

2) संगिनी कौन थी ?

3) 'आषाढ़ का एक दिन' के नाटककार कौन है ?

4) मल्लिका किससे विवाह करना नहीं चाहती थी ?

5) मातुल कौन है ?

II. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : (किन्हीं **तीन**) **(3×5=15)**

1) मैं तुमसे कुछ कहना चाहती थी राजवधु! तुम्हें बताना चाहती थी कि हम लोग .... हम लोग ....।

2) परंतु मुझे खेद है। वर्षो से इस दिन की प्रतीक्षा थी। अपनी मित्रता पर भरोसा भी था ....।

3) वह इस सारे प्रदेश में सबसे सुशील, सबसे विनीत और सबसे भोली लड़की है।

4) नहीं! विदा तुम्हें नहीं दूँगी। जा रहे हो, इसलिए केवल प्रार्थना करूँगी कि तुम्हारा पथ प्रशस्त हो।

P.T.O.

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2×10=20)**

1) मोहन राकेशजी ने मल्लिका के पात्र द्वारा क्या प्रकट करने का यत्न किया है ?
2) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के आधार पर कालिदास का चरित्र चित्रण कीजिए।
3) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
4) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के आधार पर मल्लिका का चरित्र चित्रण कीजिए।

IV. किन्हीं **दो** विषयों पर टिप्पणी लिखिए। **(2×5=10)**

1) अंबिका
2) प्रियंगु मंजरी
3) संगिनी एवं रंगिणी
4) विलोम

V. अ) गलत माल भेजने की शिकायत करते हुए जवाहर पुस्तक भंडार, नई दिल्ली के व्यवस्थापक को सपना बुक हाऊस, उडुपि की ओर से पत्र लिखिए। **5**

अथवा

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के उपसचिव की ओर से सभी विश्व विद्यालयों के रजिस्ट्रार के नाम हिन्दी में अनुसंधान करने वाले छात्रों को छात्रवृत्तियाँ देने की सूचना देते हुए एक परिपत्र तैयार कीजिए।

आ) गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(5×1=5)**

विश्वेश्वरय्या मैसूर राज्य के निवासी थे। उन्हें अपनी मातृभूमि की सेवा करने में आनंद का अनुभव हुआ। वे मैसूर के चीफ़ इंजीनियर के पद पर नियुक्त हुए। इस पद पर उन्होंने तीन वर्षों तक कार्य किया। विश्वेश्वरय्या की कार्य कुशलता एवं शासन पटुता पर महाराज मुग्ध हुए। उन्होंने तीन साल बाद विश्वेश्वरय्याजी को अपना दीवान नियुक्त किया। इस पद पर वे छः साल तक कार्य करते रहे। इन नौ वर्षों की अवधि में विश्वेश्वरय्या ने अपनी योजनाओं को अमल करके मैसूर राज्य का नक्शा ही बदल डाला।

प्रश्न :

1) विश्वेश्वरय्या किस राज्य के निवासी थे ?
2) विश्वेश्वरय्या ने मैसूर राज्य के चीफ़ इंजीनियर के पद पर कितने वर्षों तक कार्य किया ?
3) महाराच विश्वेश्वरय्या के किन गुणों पर मुग्ध हुए ?
4) महाराज ने विश्वेश्वरय्या को किस पद पर नियुक्त किया ?
5) विश्वेश्वरय्या ने अपनी योजनाओं के द्वारा किस राज्य का नक्शा ही बदल डाला ?

VI. अ) वैवाहिक विज्ञापन के आलोक में 'सुरेश कुमार सिन्हा' के नाम से एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। **5**

आ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए, जो मूल के एक तिहाई **(1/3)** से अधिक न हो और उचित शीर्षक दीजिए। **5**

शिक्षा का उद्देश्य शिक्षार्थी को जीवन के लिए पूर्णतया तैयार करना है। आज की शिक्षा तो पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त कराके ही अपने कर्तव्य की इतिश्री समझती है। न शिक्षार्थी का जीवन जगत से परिचय कराया जाता है और न उसे तत् संबंधी कठिनाइयों एवं समस्याओं के सुलझाने के योग्य बनाया जाता है। आज की शिक्षा कुछ हद तक अव्यावहारिक हो गई है। पुस्तकीय ज्ञान संबंधी बातों के अतिरिक्त वह कुछ नहीं जानता। फलत: इससे राष्ट्र की अपार क्षति होती है, जब नवयुवक वास्तविक जीवन में प्रविष्ट होता है तब उसकी दशा एक संबलहीन यात्री-सी हो जाती है। उस समय वह अपने आप को संसार सागर में अकेला पाता है। ऐसी दशा में वह अपने निरर्थक जीवन को कोसता है।

VII. किन्हीं **दो** विषय पर टिप्पणी लिखिए। **(2×5=10)**

1) मीडिया और समाज।

2) संचार भाषा और हिन्दी मीडिया।

3) सूचना प्रोद्योगिकी और हिन्दी।